# ग्राम पंचायत सखोली, विकास खण्ड तिलोरधार, जिला सिरमौर के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024

## भाग-1

**1. (क) प्रस्तावना :-**

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत ग्राम पंचायत सखोली, विकास खण्ड तिलोरधार, जिला सिरमौर के अवधि 01.04.22 से 31.03.24 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा निष्पादित किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान व सचिव कार्यरत रहे:-**

**प्रधान:-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती अमरा देवी | 01.02.2021 से लगातार |

**सचिव:-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री सुखदर्शन सिंह | 01.03.2022 से 27.06.2022 |
| 2 | श्री रण सिंह | 28.06.2022 से 16.03.2024 |
| 3 | श्री धनवीर सिंह | 17.03.2024 से लगातार |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार :-**

ग्राम पंचायत सखोली, विकास खण्ड तिलोरधार, जिला सिरमौर के लेखों अवधि 01.04.22 से 31.03.24 के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से हैं :-

| क्रम संख्या | पैरा संख्या | अनियमितताओं का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1) | 4.3 | रोकड़बही व बैंक अंतशेष में भारी अंतर | 3.58 |
| 2) | 6.3 | अनुदान उपयोग हेतु शेष | 58.61 |
| 3) | 7.1 | गृह कर की वसूली न करना | 0.31 |
| 4) | 9.1 व 9.2 | निर्माण कार्यों संबंधी अभिलेख प्रस्तुत न करना | 6.18 |
| 5) | 10 | निर्माण कार्यों में अनियमित/अधिक भुगतान | 0.42 |

**(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन**

गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के अनिर्णीत पैरों पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त नवीनतम स्थिति इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के **परिशिष्ट-1** पर दर्शाई गई है। अतः ग्राम पंचायत लम्बित अंकेक्षण पैरों के निस्तारण हेतु विशेष कार्रवाई की जानी सुनिश्चित करे तदानुसार अनुपालना से यथासमय अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए ताकि अधिक से अधिक पैरों का निस्तारण सम्भव हो सके।

**भाग-2**

**2 वर्तमान अंकेक्षण :-**

ग्राम पंचायत सखोली, विकास खण्ड तिलोरधार, जिला सिरमौर के अवधि 04/22 से 03/24 तक के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री कविन्द्र कंवर, अनुभाग अधिकारी द्वारा दिनांक 05.12.24 से 18.12.24 तक ग्राम पंचायत सखोली, विकास खण्ड तिलोरधार, जिला सिरमौर में किया गया। ग्राम पंचायत सखोली, विकास खण्ड तिलोरधार, जिला सिरमौर द्वारा अंकेक्षण अवधि दौरान नौ (9) रोकड़ बहियों अर्थात स्वयं स्त्रोत व अनुदान (समेकित), 14वां वित्तायोग, 15वां वित्तायोग, आर0ए0वाई/ए0ए0वाई0, आई0ए0वाई0, 13वां वित्तायोग, एस0बी0एम0, बी0आर0जी0एफ0 व मनरेगा का रख-रखाव किया गया। आय व्यय की विस्तृत जांच हेतू मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्व: स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गया :-

| वित्तीय वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2022-23 | 12/22 | 06/23 |
| 2023-24 | 03/22 | 03/24 |

**अस्वीकरण :-** इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रण अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है | उक्त पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी गलत सूचना / अभिलेख के अपूर्ण / गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतू हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा"

3 **अंकेक्षण शुल्क :-**

ग्राम पंचायत सखोली, विकास खण्ड तिलोरधार, जिला सिरमौर के अवधि 04/22 से 03/24 तक के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹8000/- बनता है। उक्त अंकेक्षण शुल्क की राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग शिमला-9 को प्रेषित करने हेतू अंकेक्षण अधियाचना संख्या: 6 दिनांक 18/12/2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसकी अनुपालना में ग्राम पंचायत द्वारा उक्त राशि निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग शिमला-9 को अंकेक्षण शुल्क जमा करने का आश्वासन दिया।

4 **वित्तीय स्थिति:-**

**4.1** सचिव, ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या KK/SO/2024-Vol.I-64 दिनांक 04.11.24 के प्रत्युतर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार पंचायत के अवधि 04/22 से 03/24 के लेखों की संकलित वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण सलंग्न **परिशिष्ट-2** पर दिया गया है |

| संकलित वित्तीय स्थिति | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5 (3+4)** | **6** | **7 (5-6)** |
| **क्र. सं.** | **वर्ष** | **प्रारम्भिक शेष (₹)** | **प्राप्तियां (₹)** | **कुल योग (₹)** | **भुगतान (₹)** | **अंतिम शेष (₹)** |
| 1 | 2022-23 | 8543441.73 | 10966746.16 | 19510187.89 | 11552328.86 | 7957859.03 |
| 2 | 2023-24 | 7957859.03 | 6434661.13 | 14392520.16 | 8531659.50 | 5860860.66 |

**4.2 ₹ 1.12 लाख के प्रारम्भिक शेष और अंत शेष राशि के बीच अंतर बारे:-**

ग्राम पंचायत द्वारा गत अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 01.04.2020 से 31.03.2022 के दौरान प्रस्तुत **परिशिष्ट-2** के अनुसार दिनांक 31.03.2022 को रोकड़ बही का अंतिम शेष ₹8431804,73 दर्शाया गया था जिसे उक्त अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा 4 में शामिल किया गया है। परन्तु ग्राम पंचायत द्वारा वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 के दौरान प्रस्तुत परिशिष्ट के अनुसार दिनांक 01.04.2022 को रोकड़ बही में प्रांरभिक शेष ₹8543441.73 दर्शाया गया है। जिसे वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा-4 में दर्शाया गया। इस प्रकार पंचायत द्वारा अंकेक्षण को गलत सूचना प्रस्तुत करने के कारण दिनांक 31.03.2022 के अन्तर व दिनांक 01.04.2022 के प्रारम्भिक शेष में ₹111637.00 (₹8543441.73 - ₹8431804.73) का निम्न विवरणानुसार अन्तर पाया गया जोकि अनियमित व आपत्तिजनक है। अन्तर का मुख्य कारण दिनांक 31.03.2022 को निम्न तालिका के क्रम संख्या: 6 से 8 में दर्शाई गई विभिन्न योजनाओं का अंतिम शेष नहीं दर्शाया गया था जबकि दिनांक 01.04.2022 को इनका प्रारम्भिक शेष दर्शाया गया था। अतः इस अन्तर के सम्बन्ध में तथ्यों सहित वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए। भविष्य में आंकड़ों व अभिलेख की उचित जांच पड़ताल उपरान्त ही अंकेक्षण को सूचना प्रस्तुत करना सुनिश्चित की जाए:-

| **क्र.स.** | **योजना का नाम** | **दिनांक 1.4.2022 को रोकड़ बही अनुसार प्रारम्भिक शेष (परिशिष्ट-2)** | **दिनांक 31.3.2022 को रोकड़ बही अनुसार अंतशेष (परिशिष्ट-2 क)** | **अंतर की राशि (₹)** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सामान्य निधि/ स्व: स्त्रोत | 4029324.86 | 4029324.86 | 0.00 |
| 2. | 14वां वित्त आयोग | 2243600.87 | 2243600.87 | 0.00 |
| 3. | 15वां वित्त आयोग | 1388187.00 | 1388187.00 | 0.00 |
| 4. | आई0ए0वाई0 | 321648.00 | 321648.00 | 0.00 |
| 5. | एस0बी0एम0 | 449044.00 | 449044.00 | 0.00 |
| 6. | आर0ए0वाई0/ए0ए0वाई0 | 77624.00 | - | 77624.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7. | बी0आर0जी0एफ0 | 15166.00 | - | 15166.00 |
| 8. | 13वां वित्त आयोग | 18847.00 | - | 18847.00 |
| | **कुल** | **8543441.73** | **8431804.73** | **111637.00** |

**4.3 बैंक समाधान विवरणी: -**

| | |
|---|---|
| दिनांक 31.03.24 को वित्तीय स्थिति/रोकड़ बही अनुसार अन्त शेष (पैरा 4.1) | ₹ 5860860.66 |
| दिनांक 31.03.24 को बैंक अनुसार अन्त शेष **परिशिष्ट – 3** | ₹ 5552992.43 |
| दिनांक 31.03.24 को वित्तीय स्थिति/रोकड़ बही व बैंक खातों में अंतर (₹5860860.66 - ₹5552992.43) **परिशिष्ट – 3** | ₹ 307868.23 |

दिनांक 31.03.24 को रोकड़ बही तथा बैंक खातों में ₹307868.23 का अन्तर था जिसकी बैंक समाधान विवरणी निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट – 3"क"** पर दिया गया है:-:-

| | **विवरण** | | **राशि (₹)** |
|---|---|---|---|
| | दिनांक 31.03.24 को रोकड़ बहियों अनुसार अंतशेष | | 5860860.66 |
| जमा: | बैंक ब्याज जो 15वां वित्त आयोग की रोकड़ बही में दर्ज नहीं पाया गया:- | | 49969.00 |
| | दिनांक 30.06.2023 | 16254.00 | |
| | दिनांक 31.12.2023 | 16865.00 | |
| | दिनांक 31.03.2024 | 16850.00 | |
| घटाव: | दिनांक 31/03/2024 को स्वयं स्त्रोत व अनुदान (समेकित), 14वां वित्तायोग, आर0ए0वाई/ए0ए0वाई0, आई0ए0वाई0, 13वां वित्तायोग, एस0बी0एम0, बी0आर0जी0एफ0 का असमायोजित राशि (Unreconclied amount). | | (-)357837.23 |
| | **दिनांक 31.03.24 को बैंक का अन्तशेष** | | 5552992.43 |

**4.4 ₹0.50 लाख रोकड़ बही तथा बैंक खातों में अन्तर का लेखांकन न करना :-**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि **परिशिष्ट-3 'क'** के अनुसार बैंक द्वारा 15वें वित्तायोग के खाते में ₹49960.00 की ब्याज राशियों का क्रेडिट दिया गया था जिनका विवरण निम्न तालिका में भी दिया गया है। परन्तु इन ब्याज राशियों का रोकड़ बही की प्राप्ति में लेखांकन नहीं किया था। अतः ब्याज राशियों का रोकड़ बही में उचित लेखांकन करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए :-

| विवरण | राशि (₹) |
|---|---|
| बैंक ब्याज जो 15वां वित्त आयोग की रोकड़ बही में दर्ज नहीं पाया गया:- | |
| दिनांक 30.06.2023 | 16254.00 |
| दिनांक 31.12.2023 | 16865.00 |
| दिनांक 31.03.2024 | 16850.00 |
| **कुल** | **49969.00** |

**4.5 ₹ 3.58 लाख की बैंक समाधान विवरणी प्रस्तुत न करना: -**

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 7 (3) एंव 10 (1) के अनुसार पंचायतों की रोकड़ बही का बैंक खातों से मिलान करते हुए बैंक समाधान विवरणी को तैयार किया जाना अनिवार्य है। परन्तु पंचायत के लेखों के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि दिनांक 31.03.2024 को ग्राम पंचायत द्वारा पैरा 4.2 में वर्णित रोकड़ बही व बैंक शेषों में कुल अंतर 357837.23 (बैंक में कम जमा) की निम्न विवरणानुसार बैंक समाधान विवरणीयां प्रस्तुत नहीं की गई जो कि अनियमित व आपतिजनक है। परिणामस्वरूप किसी भी वित्तीय अनियमितता की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता :-

| क्र. स. | निधि/योजना का नाम | अंतर की राशि (₹) |
|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** |
| 1 | सामान्य निधि/ स्व:स्त्रोत | 220832.40 |
| 2 | 14वा वित्त आयोग/13वा वित्त आयोग | 25367.83 |
| 3 | आर0ए0वाई0/ ए0ए0वाई0 | 77624 |
| 4 | 13वां वित्तायोग | 18847 |
| 5 | बी0आर0जी0एफ0 | 15166 |
| | **योग** | **357837.23** |

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या: 1 दिनांक 09/12/2024 के प्रतिउत्तर में सचिव, ने पत्र संख्या: 1 दिनांक 18/12/24 द्वारा अंकेक्षण को तथ्यों व आंकडों की पुष्टि करते हुए उचित कार्यवाही करने के उपरांत अंकेक्षण को अवगत करवाने का आश्वासन दिया। अत: उक्त भारी राशि के अंतर की राशि की बैंक समाधान विवरणीयां शीघ्र तैयार करके अनुपालना से अंकेक्षण को

अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये । इसके अतिरिक्त यह गंभीर मामला उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ उचित कार्यवाही हेतु भी लाया जाता है ।

**4.6 स्वः स्त्रोत निधि के लिए स्वतंत्र बैंक खाते का संचालन करने न करना:-**

हि.प्र. पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 4(1) की अनुपालना में पंचायत निधियों के लिए स्वतन्त्र बैंक खाता 'क' (स्वः-स्त्रोतों के लेन-देन हेतु) खोला जाना अपेक्षित है। अंकेक्षण के दौरान पाया गया है कि स्वः स्त्रोत/सामान्य निधि व अन्य निधियों का संचालन एक ही बैंक खाते द्वारा किया जा रहा है। अतः खाता "क" के लिये स्वतन्त्र रूप से बैंक खाते का संचालन न किये जाने के कारण पंचायत की स्वः स्त्रोतों की वित्तीय स्थिति को अंकेक्षण प्रतिवेदन में पृथक से दर्शाया जाना सम्भव नहीं हो सका। इस बारे सचिव से अंकेक्षण अधियाचना संख्या: 1 दिनांक 09/12/2024 द्वारा इस अनियमितता बारे अंकेक्षण को अवगत करवाने हेतु आग्रह किया गया जिसके प्रतिउत्तर में सचिव, ने पत्र संख्या: 1 दिनांक 18/12/24 द्वारा तथ्यों व आंकडों की पुष्टि करते हुए इस अनियमितता को भविष्य में नहीं दोहराने का तथा योजनावार पृथक बैंक खाता व रोकड़ बही तैयार करने का आश्वासन दिया। अतः कृत कार्यवाही करने के उपरान्त अनुपालना अंकेक्षण को दिखाई जाए।

**5. सावधिक निवेश :-**

अंकेक्षण अधियाचना संख्या: 1 दिनांक 09/12/2024 के क्रम संख्या 5 के सन्दर्भ में अंकेक्षण को सचिव, द्वारा पत्र संख्या: 1 दिनांक 18/12/24 के क्रम स. 5 द्वारा पर प्रदान की गई सूचना के अनुसार पंचायत का अवधि 04/22 से 03/24 तक सावधि जमा योजना में निवेश शून्य था। अत: सचिव, ग्राम पंचायत को परामर्श दिया जाता है कि स्वयं स्त्रोत में आवश्यकता से अधिक पड़ी राशि को हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट लेखे, सकर्म, कराधान,व भत्ते) नियम 2002 के नियम 11 के अनुसार सावधि जमा योजना में निवेशित किया जाना सुनिश्चित किया जाए ताकि ग्राम पंचायत को ब्याज के रूप में अतिरिक्त आय प्राप्त हो सके। कृत अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

**6. अनुदान**

**6.1 प्राप्त सहायता अनुदान ₹127.77 लाख के स्वीकृति पत्र अंकेक्षण में प्रस्तुत न करना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 79 (2) के अनुसार, पंचायत सचिव अंकेक्षण को अपेक्षित अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु उत्तरदायी है। ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार

**(परिशिष्ट-2)** अवधि 4/2022 से 3/2024 तक ₹**12777274.16** की सहायता अनुदान राशि प्राप्त हुई थी। परन्तु इन अनुदानों से सम्बन्धित स्वीकृति पत्रों को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया:-

| योजना | वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान प्राप्त राशि (₹) | वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान प्राप्त राशि (₹) | कुल राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| सामान्य निधि/ स्व:स्त्रोत | 8018063.16 | 3306895.00 | 11324958.16 |
| 15वा वित्त आयोग | 970427.00 | 481889.00 | 1452316 |
| **कुल** | **8988490.16** | **3788784** | **12777274.16** |

परिणाम स्वरूप ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृति पत्रों के अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु अनुदानों के उपयोग की सत्यापना अंकेक्षण के दौरान नहीं की जा सकी। इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः 1 दिनांक 09/12/2024 द्वारा प्रकरण सचिव, ग्राम पंचायत से सम्बन्धित स्वीकृति पत्रों को अंकेक्षण को प्रस्तुत करने हेतु सूचित किया गया जिसके प्रतिउत्तर में सचिव, ग्राम पंचायत ने पत्र संख्या: 1 दिनांक 18/12/24 द्वारा भविष्य में प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया गया। अतः शीघ्र कृत कार्यवाही करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**6.2 अनुदान से ₹159.66 लाख के व्यय के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करना :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 79 (2) के अनुसार पंचायत सचिव अंकेक्षण को अपेक्षित अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु उत्तरदायी है। ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई अनुदानों की विवरणी **(परिशिष्ट-2)** के अवलोकन पर पाया गया कि अवधि 4/2022 से 3/2024 तक निम्न विवरण अनुसार ₹**15965988.36** की अनुदान राशि (स्वः स्रोत सहित) का व्यय किया गया था। परन्तु इससे सम्बन्धित आवश्यक उपयोगिता प्रमाण पत्रों को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त उपयोगिता प्रमाण पत्रों को सम्बन्धित संस्थाओं को प्रेषित किये जाने सम्बन्धित भी कोई अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया जोकि उक्त नियम 2002 के नियम 88 की अवहेलना है:-

| योजना | वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान अनुदानों से किया गया व्यय (₹) | वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान अनुदानों से किया गया व्यय (₹) | कुल राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| सामान्य निधि/ स्वःस्त्रोत | 7812430.86 | 4465085.40 | 12277516.26 |
| 14वा वित्त आयोग | 1230796.00 | 1125151.10 | 2355947.1 |
| 15वा वित्त आयोग | 0.00 | 544423.00 | 544423 |
| आई0ए0वाई0 | 326460.00 | 0.00 | 326460 |
| एस0बी0एम0 | 461642.00 | 0.00 | 461642 |
| **कुल** | **9831328.86** | **6134659.5** | **15965988.36** |

इस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या: 1 दिनांक 09/12/2024 जारी करके आवश्यक उपयोगिता प्रमाण पत्रों को अंकेक्षण में प्रस्तुत करने हेतु आग्रह किया गया जिसके प्रतिउत्तर में सचिव, ग्राम पंचायत के द्वारा अंकेक्षण की समाप्ति तक कोई उत्तर नहीं दिया गया जोकि आपत्तिजनक है। अतः व्यय की गई उक्त राशि से संबंधित उपयोगिता प्रमाण पत्रों को प्राप्त कर सत्यापन हेतु शीघ्र अंकेक्षण को प्रस्तुत किया जाये ताकि किए गए व्यय को न्यायोचित ठहराया जाए।

**6.3 अनुदान खाते में ₹58.61 लाख राशि शेषः-**

सचिव, ग्राम पंचायत द्वारा **परिशिष्ट- 2** पर प्रस्तुत सूचना के अनुसार ग्राम पंचायत में विभिन्न विकासात्मक कार्यों हेतु प्राप्त अनुदानों (स्वः स्रोत सहित) में से दिनांक 31.03.2024 को **₹5860860.66** की राशि उपयोग हेतु शेष थी। इस राशि को हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार फडिंग ऐजेन्सी के दिशा निर्देशों अनुसार व्यय किया जाना अपेक्षित है।

इस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या: 1 दिनांक 09/12/2024 जारी करके उक्त राशि को व्यय न करने बारे अंकेक्षण को अवगत करने का आग्रह किया गया जिसके प्रतिउत्तर में सचिव, ग्राम पंचायत ने पत्र संख्या: 1 दिनांक 18/12/24 द्वारा संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया।

अत: सुझाव दिया जाता है कि प्राप्त शेष अनुदानों की राशि को भविष्य में नियमानुसार व्यय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**7. पंचायत राजस्व/स्वः स्रोत-**

**7.1 ₹0.31 लाख का गृह कर वसूली हेतु शेष: -**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को कोई भी देय राशि पर्याप्त कारणों के बिना बकाया नहीं रखी जा सकती। सचिव, ग्राम पंचायत द्वारा **परिशिष्ट-4** के अवलोकन करने पर पाया गया कि अंकेक्षण अवधि 4/22 से 3/24 तक गृहकर राजस्व राशि ₹**31380/-** वसूली हेतु शेष थी। इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना सं0 2 दिनांक 10/12/2024 द्वारा सचिव ग्राम पंचायत से वस्तु स्थिति स्पष्ट करने हेतु कहा गया था जिसके प्रत्युत्तर में पत्र सं0 1 दिनांक 18/12/2024 द्वारा सूचित किया गया कि गृहकर की राशि को भविष्य में वसूल करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। अतः अनुपालना अंकेक्षण में वांछित रहेगी।

| वर्ष | आरम्भिक शेष (₹) | मांग (₹) | कुल (₹) | व्यय (₹) | अंत शेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2022-23 | **15340** | **7900** | **23240** | - | **23240** |
| 2023-24 | **23240** | **8140** | **31380** | - | **31380** |

**7.1 विवाह पंजीकरण शुल्क ₹0.01 लाख को राजकीय कोष में जमा न करवाना:-**

सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की अधिसूचना संख्या –WLF-A(3)1/97 दिनांक 17.12.2004 द्वारा अधिसूचित विवाह पंजीकरण नियम-2004 के अनुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त आय को राजकीय कोष में वर्तमान में नवीनतम शीर्षक 0070-060-108-01 के अन्तर्गत जमा करवाया जाना अपेक्षित है। परन्तु अवधि 4/2022 से 03/2024 तक के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा निम्न तालिका के अनुसार ₹1400 का विवाह पंजीकरण शुल्क प्राप्त किया गया परन्तु उसे राजकीय कोष में जमा नहीं करवाया गया था जोकि अनियमित है।

| क्र. स. | वर्ष | योजना | वाउचर स0 / दिनांक | राशि (₹) | हि0 प्र0 सरकार को जमा किया गया शुल्क (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023-24 | Own Sources | OWN/202324/R/7 Dt. 17/06/2023 | 1200 | Nil |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 2023-24 | Own Sources | OWN/202324/R/8 Dt. 27/06/2023 | 200 | Nil |
| | | | **Total** | 1400 | |

इस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या: 2 दिनांक 10/12/2024 जारी करके अनियमितता बारे पूर्ण वस्तुस्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाने का आग्रह किया गया जिसके प्रतिउत्तर में सचिव, ग्राम पंचायत ने पत्र सं0 1 दिनांक 18/12/24 द्वारा भविष्य में राशि को जमा करवाकर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाने हेतु आश्वस्त किया । अतःउक्त राशि को शीघ्र राजकीय कोष में जमा करवाकर अनुपालना अंकेक्षण को दिखाई जाए।

**8. ₹0.93 लाख की क्रय की गई सामग्री की स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्टि न करनाः-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 69 व 72 के अन्तर्गत स्टॉक/स्टोर के क्रय सम्बन्धी औपचारिकताएं प्रावधित है। उक्त नियम के दृष्टिगत ग्राम पंचायत द्वारा क्रय की गई सामग्री की मात्रा, गुणवता की जाँच करने के उपरान्त अनिवार्य रूप से फार्म 25 से 28 के अनुरूप स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्टि की जानी अपेक्षित है तथा यह भी प्रमाणित किया जाना अपेक्षित है कि स्टॉक/सामग्री को सही अवस्था में प्राप्त किया गया है। नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा निम्न तालिका के अनुसार ₹92790 के स्टॉक/स्टोर की सामग्री/मदों को स्टॉक रजिस्टर में दर्ज किए बिना ही प्रयोग किया गया था।

| क्र. स. | वित्तीय वर्ष | योजना का नाम | वाउचर स. /दिनांक | बिल स./ दिनांक | आपूर्तिकर्ता | सामाग्री | मात्रा (स.) | दर (₹) | भुगतान राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2022-23 | FFC | FFC/2022-23/P/25 Dt. 24-3-2023 | 7055/ 23-3-23 | Sunshine Computer | Dell Inspiron Desktop | 1 | 76262.71 +GST 18% | 92790 |
| | | | | | | Lapcare 600 VA UPS | 1 | 2372.88 +GST 18% | |

इस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या: 3, दिनांक 16/12/2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को सम्बन्धित रजिस्टर में प्रविष्टियाँ न करने बारे दृष्टिकोण से अंकेक्षण को यथाशीघ्र अवगत करवाने का आग्रह किया गया जिसके प्रतिउत्तर में सचिव द्वारा पत्र संख्या: 1 दिनांक 18/12/24 द्वारा

भविष्य में आवश्यक कार्रवाई उपरांत अंकेक्षण को पूर्ण अभिलेख सही अवगत करवाने का आश्वासन दिया गया। उत्तर सन्तोषजनक नहीं है। अत: वांछित अभिलेख तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व उक्त सम्पूर्ण क्रय की गई सामग्री का सम्बन्धित अभिलेख तैयार करने के उपरांत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**9. निर्माण कार्य: -**

**9.1 ₹2.06 लाख के निर्माण कार्यों से सम्बन्धित अभिलेख प्रस्तुत न करना: -**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संपरीक्षा, संकर्म, कराधान और भत्ते) नियम 2002 के नियम 79 (2) के अनुसार पंचायत सचिव अंकेक्षण को अपेक्षित अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु जिम्मेवार होगा। परन्तु व्यय वाउचरों के अंकेक्षण करने पर पाया गया कि पंचायत द्वारा नियम 94, 95 व 101 के अन्तर्गत अपेक्षित अभिलेख जैसे निर्माण कार्यों के प्राक्कलन, तकनीकी स्वीकृति व माप पुस्तिकाएं इत्यादि अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं की गई जोकि अनियमित व आपत्तिजनक है। परिणामस्वरूप **परिशिष्ट-5** पर वर्णित निर्माण कार्यों के निष्पादन हेतु किये गये ₹205999 के भुगतान को अंकेक्षण में सत्यापित नहीं किया जा सका। इस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या: 3, दिनांक 28/11/2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को निर्माण कार्यों के निष्पादन के भुगतान से सम्बन्धित प्राक्कलन, तकनीकी स्वीकृति व माप पुस्तिकाएं अविलम्ब अंकेक्षण को प्रस्तुत करने का आग्रह किया गया जिसके प्रतिउत्तर में सचिव द्वारा पत्र संख्या: 1/2024 दिनांक 30/11/24 द्वारा अंकेक्षण को संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत नहीं दिया गया। इस प्रकार उक्त अभिलेख प्रस्तुत न करने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा पूर्ण अभिलेख सहित अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**9.2 आपूर्तिकर्ताओं से ₹4.12 लाख की सामग्री के ट्रांजिट पास प्रस्तुत करने बारे :**

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल्स नियम 2015 के नियम 81 व 81-ए के अनुसार, ठेकेदार/विक्रेता द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर फार्म 'एक्स' या 'डब्ल्यू प्रस्तुत करना अनिवार्य है अन्यथा उसे रॉयल्टी का भुगतान 25% पेनल्टी के साथ करना होगा | परन्तु निदेशक पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या एक्स.ई.एन.-(आर.डी. एवं पी.आर.)-डी.बी. जनरल/2023-1/204192/2023-34307-30, दिनांक 2.11.2023 के अनुसार माननीय उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश आदेशों की अनुपालना में अब ठेकेदार/विक्रेता से खनन सामग्री की आपूर्ति पर रॉयल्टी की कटौती नहीं की जायेगी तथा आपूर्ति हेतु भुगतान उनके द्वारा ट्रांजिट पास फार्म 'एक्स' या 'डब्ल्यू' प्रस्तुत करने पर ही किया जायेगा।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्तिकर्ता से खनन सामग्री जैसे पत्थर, रेत, बजरी इत्यादि की आपूर्ति पर उक्त ट्रांजिट पास को प्राप्त किया गया था परन्तु बिल में दर्शाई गई सामाग्री की मात्रा की सत्यापना ट्रांजिट पास में दर्ज मात्रा के साथ संभव नहीं हो सकी क्योंकि सचिव ग्राम पंचायत के द्वारा अभिलेख का ठीक प्रकार से रख रखाव नहीं किया गया था। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता से **परिशिष्ट-6** अनुसार ₹412139 की खरीदी गई सामाग्री वैधानिकता की सत्यापना अंकेक्षण के दौरान संभव नहीं हो सकी। इस संबंध में जारी अंकेक्षण अधियाचना स0: 3 दिनांक 16/12/2024 द्वारा पूर्ण वस्तुस्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाने का आग्रह किया गया जिसके प्रतिउत्तर में पत्र संख्या: 1 दिनांक 18/12/24 द्वारा अंकेक्षण को संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत नहीं दिया गया। अत: सचिव, ग्राम पंचायत बिलवार आपूर्तिकर्ताओं से खरीदी गई सामाग्री तथा उनके ट्रांजिट पास में दर्ज सामाग्री की मात्रा से संबंधित अभिलेख का उचित प्रकार से संधारण किया जाये तदोपरांत कृत कार्रवाही से पूर्ण अभिलेख सहित अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये ताकि आपूर्तिकर्ताओं से खरीदी गई सामाग्री की वैधानिकता सत्यापना संभव हो सकें।

**9.3 मनरेगा के अन्तर्गत 60:40 के अनुपात में व्यय न करके ₹8.09 लाख का मजदूरी पर अधिक व सामग्री पर कम व्यय बारे: -**

मनरेगा अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत जारी परिचालन दिशा-निर्देश, 2013 के पैरा 7.4.1 के अनुसार ग्राम पंचायत में मनरेगा कार्यों पर कुल व्यय का 60 प्रतिशत मजदूरी पर तथा 40 प्रतिशत सामग्री पर व्यय किया जाना वांछित है। परन्तु ग्राम पंचायत के अंकेक्षण अवधि 04/2022 से 03/2024 में मनरेगा से सम्बन्धित प्रस्तुत अभिलेख **परिशिष्ट-7** का अवलोकन करने पर पाया गया कि निम्न विवरणानुसार ग्राम पंचायत द्वारा उपरोक्त दिशा-निर्देशों का पालन न करके वित्तीय वर्ष 2022-23 व 2023-24 में मजदूरी पर ₹16.54 लाख अधिक तथा सामग्री पर कम व्यय किया गया जोकि अनियमित है:-

| क्रम स. | वित्तीय वर्ष | मनरेगा पर कुल व्यय (₹ लाखो में) | मजदूरी पर वास्तविक व्यय (₹ लाखो में) | मजदूरी पर अपेक्षित व्यय *60% (₹ लाखो में)* | मजदूरी पर कम/ ज्यादा व्यय (₹ लाखो में) | सामाग्री पर वास्तविक व्यय (₹ लाखो में) | सामाग्री पर अपेक्षित व्यय 40% (₹ लाखो में) | सामाग्री पर कम/ ज्यादा व्यय (₹ लाखो में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 (3 x 60%) | 6 (4-5) | 7 | 8 (3 x 40%) | 9 (7-8) |
| 1 | 2022-23 | 17.21 | 16.38 | 10.33 | +6.05 | 0.83 | 6.88 | -6.05 |
| 2 | 2023-24 | 23.97 | 16.42 | 14.38 | +2.04 | 7.55 | 9.59 | -2.04 |
| | **कुल** | **41.18** | **32.8** | **24.71** | **+8.09** | **8.38** | **16.47** | **-8.09** |

इस बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्या: 3, दिनांक 16/12/2024 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमतता बारे वस्तुस्थिति से अवगत करवाने का आग्रह किया गया था जिसके प्रतिउत्तर में पत्र संख्या: 1 दिनांक 18/12/24 द्वारा भविष्य में इस अनियमितता को नहीं दोहराने का आश्वासन दिया गया। अत: इस अनियमितता बारे पूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुए अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये तथा भविष्य में उक्त जारी परिचालन दिशा-निर्देश का गंभीरता से पालन किया जाये।

**10. निर्माण कार्य: -**

**10.1 निर्माण कार्य C/o Foot bridge at Tor Khad का गलत मूल्यांकन करके ₹0.10 लाख का अधिक भुगतान :-**

क) निर्माण कार्यों के अंकेक्षण के दौरान पाया गया है कि स्व: स्त्रोत निधि (Own Sources) के अंतर्गत उक्त निर्माण कार्य की माप पुस्तिका स. 19/3-4 में Item No.7 "Tor steel i/o cutting binding & placing in position" की मात्रा में 500 कि0 ग्रा0 (110 x 4.54) के स्थान 540 कि0 ग्रा0 का मूल्यांकन/गणना लेकर 40 कि0 ग्रा0 की मात्रा के लिए ₹2356 का अधिक भुगतान किया गया जिसका विवरण निम्न तालिका में है :-

| विवरण (₹) | | लेबर रेट (₹) | थ्रू रेट (₹) |
|---|---|---|---|
| **माप पुस्तिका अनुसार रेट** | **1** | 4.95 | 59.40 |
| **अधिक भुगतान राशि** | **2** | 198 | 2376 |
| **घटाव: 15% (CP&OC)** | **3 (2x15%)** | 30 | 356 |
| **कुल** | **4 (2-3)** | **168** | **2020** |
| **जमा: लेबर एनहांसमेंट @ 200 %** | **5 (4x200%)** | 336 | 336 |
| ***कुल अधिक भुगतान*** | ***6 (336+2030)*** | | **2356** |

ख) अंकेक्षण दौरान यह भी पाया गया कि स्टील (Steel) की अतिरिक्त लागत (Extra cost of material) गणना करते समय भी 540 कि0 ग्रा0 की मात्रा के आधार पर भुगतान किया गया था। इस प्रकार 40 कि0 ग्रा0 स्टील का ₹30/ कि0 ग्रा0 (45-75) के हिसाब से ₹1200 का अधिक भुगतान किया गया प्रतीत होता है।

ग) अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त निर्माण कार्य के निष्पादन में Item No.4 "RR Stone masonry with CM 1:6" की 5$m^3$ मात्रा उपयोग किया गया था जिसके के लिए पत्थर की प्रमाप मात्रा निकालने 1.16 के कन्वर्शन फैक्टर के हिसाब से मात्रा 5.8 $m^3$ की पत्थर की खरीद की जानी अपेक्षित थी जबकि अभिलेख की पड़ताल करने पाया गया है कि पंचायत द्वारा कुल

9.36 m³ पत्थर की खरीद की गई थी। इस प्रकार पंचायत द्वारा 3.56 m³ की ₹1800 (1714.29+GST 5%)/ m³ के हिसाब से ₹6408 की अधिक पत्थर की खरीद की गई है जो कि अनियमित है।

इस बारे अंकेक्षण अधियाचना स0 4 दिनांक 16/12/2024 जारी करके उक्त निर्माण कार्य का गलत मूल्यांकन करके ₹9964 (₹2356+1200+6408) अधिक भुगतान बारे पूर्ण वस्तुस्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाने का आग्रह किया गया जिसके प्रतिउत्तर में पत्र संख्या: 1 दिनांक 18/12/24 द्वारा आवश्यक कार्रवाई अम्ल में लाने का आश्वासन दिया गया। अत: उक्त निर्माण कार्य हेतु किये गए ₹9964 के अधिक भुगतान को या तो सही ठहराया जाया अन्यथा वसूली उचित स्त्रोत से करके अंकेक्षण को अनुपालना से अवगत करवाया जाये।

**10.2 निर्माण कार्य C/o Community irrigation Tank in the L/O Hira Singh S/o Kahan Singh का गलत मूल्यांकन करके ₹0.01 लाख का अधिक भुगतान :**

निर्माण कार्यों के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि स्व: स्त्रोतों (Own Sources) के अंतर्गत उक्त निर्माण कार्य की माप पुस्तिका स0 19/11-12 में 15% CP&OC तथा 157.14 % की लेबर बढ़ौतरी (enhancement) की गणना में गलती कर ₹859 का अधिक भुगतान किया गया जिसका विवरण निम्न तालिका में दिया गया है :-

| विवरण (₹) | | माप पुस्तिका के अनुसार गणना राशि (₹) | सही गणना राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| माप पुस्तिका कुल राशि | 1 | 17101 | 17101 |
| घटाव: 15% (CP&OC) | 2 (1x15%) | 2231 | 2565 |
| कुल | 3 (1-2) | **14870** | **14536** |
| *अधिक भुगतान* | 4 (14870-14536) | **334** | |
| जमा: लेबर एनहांसमेंट @157.14 % | 5 (4x157.14%) | 525 | |
| *कुलअधिक भुगतान* | *6 (334+525)* | **859** | |

इस बारे अंकेक्षण अधियाचना स0 4 दिनांक 16/12/2024 जारी करके उक्त निर्माण कार्य का गलत मूल्यांकन करके ₹859 के अधिक भुगतान बारे पूर्ण वस्तुस्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाने का आग्रह किया गया जिसके प्रतिउत्तर में पत्र संख्या: 1 दिनांक 18/12/24 द्वारा आवश्यक कार्रवाई अम्ल में लाने का आश्वासन दिया गया। अत: उक्त निर्माण कार्य हेतु किये गए

₹859 के अधिक भुगतान को या तो सही ठहराया जाये अन्यथा वसूली की राशि उचित स्त्रोत से करके अंकेक्षण को अनुपालना से अवगत करवाया जाये।

**10.3 निर्माण कार्य C/o Community Bhawan Majholi का गलत मूल्यांकन करके ₹0.24 लाख का अधिक भुगतान :-**

क) निर्माण कार्यों के अंकेक्षण के दौरान पाया गया है स्व: स्त्रोत निधि (Own Sources) के अंतर्गत उक्त निर्माण कार्य की माप पुस्तिका स0 19/25-28 में मद स0 3 "P/L RCC 1:1.5:3 & curing complete excluding cost of centring and shuttering in foundation & wall" की मात्रा की गलत गणना/मूल्यांकन करके निम्नतालिका अनुसार ₹4081 का अधिक भुगतान किया :-

| **माप पुस्तिका के अनुसार गणना ($m^3$)** | **सही गणना ($m^3$)** | **अधिक मात्रा $m^3$** | **दर/$m^3$** | **अधिक भुगतान (₹)** |
|---|---|---|---|---|
| 17.30 (9.22+1.32+1.2+ 1.4+0.4+0.4) | 13.94 (9.22+1.32+1.2+ 1.4+0.4+0.4) | 3.36 | 1143.18 | 3841 |
| **घटाव: 15% CP&OC (15% x 3841)** | | | | 576 |
| **कुल** | | | | **3265** |
| **जमा: लेबर एनहांसमेंट @ 25%** | | | | 816 |
| ***कुल अधिक भुगतान*** | | | | **4081** |

